हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

02 सदर के राजा की महाआरती व छप्पन भोग अनुष्ठान...



04 शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान





## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का समापन समारोह आज

**बलौदाबाजार** | 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का समापन समारोह क्रा आयोजन शनिवार को अपरान्ह 1:30 बजे से पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल खेल मैदान बलौदाबाजार में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं अध्यक्षता राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।

### भाजपा जिला कार्यशाला 7 सितंबर को

**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा सेवा पखवाड़ा जिला कार्यशाला का आयोजन 7 सितम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। इस आशय की जानकारी जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी एवं विजय यादव ने विज्ञप्ति जारी कर दी। कार्यशाला में मुख्यवक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा नवीन मारकण्डेय होंगे। सहवक्ता के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग मार्गदर्शन देंगे। साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### दिवस : शिक्षक सम्मान समारोह में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने समझाया शिक्षा का महत्व

# छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर सुधारने की दिशा में सभी करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

त्रिपुरा, झारखंड तथा महाराष्ट्र के पूर्व महामहिम राज्यपाल रमेश बैस शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने शिवरीनारायण पहुंचे। भगवान श्री शिवरीनारायण के दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने अवकाश प्राप्त शिक्षकों का सम्मान किया और उपस्थित जनसमूह को शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए।

पूर्व राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा विद्यार्थी ग्रहण करता है और शिक्षक उसे प्रदान करता है। उन्होंने गुरु के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि गुरु का स्थान इतना उच्च है कि कवि को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि पहले भगवान को प्रणाम करें या शिक्षक को। उन्होंने छत्तीसगढ़ के शिक्षा स्तर पर चिंता जताते हुए पूछा कि छात्र-छात्रा क्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा जैसे राज्यों में शिक्षा लेने जाते हैं, क्या हम यहाँ ऐसा माहौल नहीं बना सकते कि अन्य राज्य के विद्यार्थी भी यहां शिक्षा प्राप्त करने के लिए आएं। उन्होंने शिक्षकों को नौकरी करने की बजाय विद्यार्थियों को शिक्षा देने को अपना मुख्य लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।

**पूर्व राज्यपाल के विचार:** पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि जो शिक्षक सुबह 11 बजे घर से निकल कर स्कूल जाते हैं और दोपहर 2 बजे उसी बस से वापस लौट आते हैं, उनसे बच्चों की भलाई की अपेक्षा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को समाज और देश के लिए काम करना चाहिए, तभी देश की उन्नति संभव होगी।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें:** इस कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज ने पूर्व राज्यपाल की शिक्षकों के प्रति भावनाओं और योगदान की प्रशंसा की। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, आर के सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं महाविद्यालय एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक, प्राचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।





### कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया गुरुजनों को नमन

**बलौदाबाजार ।** भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक और शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु सहित जिलेभर के कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं और शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा आधार है। इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता जैसे कि परमेश्वर यदु, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, तरुण खटकर, गुरुदयाल यादव, समीर अग्रवाल, प्रवीण सेन, मानस पांडे, गोल्डी मरैया, जय ठाकुर, राहुल नेगी आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व को लेकर प्रेरणादायी संदेश दिए गए।



### विद्यार्थियों की ललितकलाओं ने बढ़ाई महफिल की शोभा



**खरोरा ।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आज डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के पावन अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज ने शिक्षकों को पुष्प गुच्छ और कलम भेंट कर सम्मानित किया, जिन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अपनी निष्ठा और समर्पण से विशेष योगदान दिया है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समारोह को रंगीन बनाया। छात्रसंघ और विद्यालयीन बच्चों ने सभी शिक्षकों को गमलों में पौधे और श्रीफल देकर सम्मानित किया। प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि गुरु का जीवन में अत्यंत महत्व होता है, बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति असंभव है। शिक्षक हमें अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि शिक्षक ज्ञान का दीपक हैं जो जीवन के सही और गलत का मार्गदर्शन करते हैं। व्याख्याता शाहिना परवीन ने डॉ. राधाकृष्णन के समर्पण और शिक्षा के प्रति लगाव को विस्तार से साझा किया। समारोह में विद्यालय के अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जिन्होंने इस अवसर ⏩ शेष पेज 02 पर

### शिक्षक दिवस पर विधायक ने गुरूजनों का किया सम्मान

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के तत्वावधान में स्व. के.आर. साव की स्मृति में नगर भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के प्रदाता नहीं बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, संस्कार और जीवन मूल्यों के आधार हैं। उन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, गुरू बिना ज्ञान नहीं और ज्ञान के बिना जीवन नहीं। समारोह का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और स्व. के.आर. साव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना से किया गया। इसके बाद आर.पी. पटेल के स्वर में राज्य गीत की प्रस्तुति हुई। समारोह में लगभग 200 शिक्षक एवं पेंशनर वर्ष एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किए गए। पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि गुरूजनों का आशीर्वाद जीवन का संबल है और शिक्षक अपने कर्तव्य को निष्ठा से निभाते हुए समाज को आगे बढ़ाते हैं। शिक्षक दिवस हर वर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है, जो भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित होता है। उनका मानना था कि शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को रोशनी देता है। शिक्षा केवल ⏩ शेष पेज 02 पर





## करमा विसर्जन के दौरान नाले में फंसे व्यक्ति की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



सरसीवां तहसील के ग्राम गगोरी में करमा विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ। 42 वर्षीय सम्मेलाल रात्रे पिता सहनू रात्रे करमा पूजा विसर्जन के लिए नाले में उतरे थे। अचानक बहाव तेज होने से वे चेक डैम के अंदर चैनल में फंस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बीते दिन दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है।

ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद भी शव बाहर नहीं निकाला जा सका। आज सुबह रायगढ़ से पहुंची रेस्क्यू टीम ने शव को बाहर निकाला, जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर पहुंचे सरसीवां तहसीलदार ने पोस्टमार्टम उपरांत मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र तत्काल बनाने के निर्देश दिए और परिजनों को आपदा प्रबंधन मद से मिलने वाली तत्काल सहायता राशि हेतु आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। लगातार हुई बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

### नकली ई- चालान से सावधानी बरतने की जरुरत

**बलौदाबाजार** | हाल के दिनों में छत्तीसगढ़ राज्य आरटीओ ई-चालान से सम्बंधित धोखाधड़ी के मामले बढ़ते जा रहे है जिसमें नकली ई- चालान के माध्यम से लोगों को ट्रेफिक नियम तोड़ने के बारे में झूठे सन्देश भेजकर लोगों के व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से राशि चुरा लेते हैं। ऐसे धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधान रहने की जरुरत है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अपने वास्तविक ई चालान को जांच करने के लिए विभागीय वेबसाईट पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर व कैप्चा कोड एवं ओटीपी डालकर चालान विवरण सम्बन्धी जानकारी ⏩ शेष पेज 02 पर

## फर्जी मोबाइल सिम नंबर जारी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशानुसार थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने फर्जी मोबाइल सिम नंबर जारी करने वाले आरोपी अभय कुमार साहू को गिरफ्तार किया है।

■ फर्जी आईडी से सिम नंबर जारी कर लाभ कमाने का मामला सामने आया

आरोपी ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर गलत तरीके से अन्य व्यक्तियों के नाम, पता व आईडी लगाकर मोबाइल सिम नंबर सक्रिय किया और इसे अन्य व्यक्ति को देकर लाभ कमाया।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें 420 (धोखाधड़ी), 66 सी, 66 डी (आईटी एक्ट), और टेलीकॉम एक्ट 2023 की धारा 42, 43 शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी से गहन पूछताछ की है और मामले की पूर्ण जांच जारी है। पुलिस ने मोबाइल नंबर धारकों से पूछताछ कर विस्तृत बयान लिए, जिसमें सामने आया कि सिम का उपयोग इन व्यक्तियों ने कभी नहीं किया है। आरोपी ने अपने सहयोगी के माध्यम से सिम जारी करने की अपनी गलती स्वीकार की है। अब आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

**आरोपी की पहचान**

आरोपी का नाम अभय कुमार साहू है, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम सकरिया, थाना पोडीबचरा, जिला कोरिया। आरोपी पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) संचालक है और फर्जी तरीके से सिम नंबर जारी कर अवैध लाभ कमाने में लिप्त था। उसकी गिरफ्तारी से ऐसे अपराधों पर रोक लगाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सरकार की बर्खास्तगी के फैसले पर गहरा आक्रोश

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल तेज: जिले में 421 कर्मचारियों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



प्रदेशभर में एनएचएम कर्मियों की हड़ताल लगातार तेज होती जा रही है। सरकार द्वारा 50 पदाधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद आक्रोशित कर्मचारियों ने गत दिवस को सामूहिक इस्तीफा देकर जमकर प्रदर्शन किया। जिले में 421 एनएचएम कर्मियों ने सामूहिक इस्तीफा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सौंपा।

इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और आंदोलन को दबाने की कोशिश का आरोप लगाया। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार ने नोटिस के बावजूद काम पर नहीं लौटने को आधार बनाकर 50 पदाधिकारियों की सेवा समाप्त कर दी है। इससे प्रदेशभर में असंतोष और बढ़ गया है। बलौदाबाजार में सीएमएचओ राजेश अवस्थी को ज्ञापन और इस्तीफा सौंपते समय बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदेश महासचिव ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। कर्मियों का कहना है कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## खबर संक्षेप



### मुरा में भारी वाहन का प्रवेश निषेध

**बंगोली** । ग्राम पंचायत मुरा में माल वाहक भारी वाहन पर ग्रामीणों ने मेन रोड पर खंभा गड़ाकर प्रवेश बंद कर दिया है । जानकारी के अनुसार रायपुर मुख्य मार्ग पर बंगोली से मुरा होते हुए जीएम आर पॉवर कंपनी, छोटे-छोटे उद्योग व तिल्दा पहुंच प्रमुख मार्ग है, जहाँ दिनभर मे हजारों की संख्या में छोटी बड़ी मोटरसाइकिल व माल वाहक भारी ट्रक मुरा गॉव घनी आबादी के बीच मार्ग होते हुए गुजरते हैं, जहाँ हर वक्त मौत साये की तरह ग्रामीणों को डर लगा रहता है । उक्त मामले को लेकर मूरा ग्रामवासी काफी दिनों से परेशान थे तथा भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोक लगाने हेतु खरोरा तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर रायपुर सभी राजस्व प्रशासन को जानकारी देकर उक्त मार्ग को खंभा लगाकर अवरुद्ध किया गया । उक्त मार्ग बंद होने से ग्रामीणों मे खुशी है ।

### देवसुन्द्रा में चंदैनी गोंदा का आयोजन आज

**पलारी** । ग्राम पंचायत देवसुंदरा में को चदैनी गोंदा 6 सितम्बर को कार्यक्रम है। जागृति गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में विगत वर्ष के भाती इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम रखा गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल रहेंगे अध्यक्षता धन्नू साहू, कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहु, समाज विशिष्ट अतिथि सविता भीम यदु, जनपद अध्यक्ष पलारी महेंद्र मोनू साहू, जिला पंचायत सदस्य मनोज आडिल, जनपद सदस्य चंद्रप्रभा साहू, जनपद सदस्य नमिता भूषण वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत सर्रा अभिराम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत देवसुन्द्रा रहेंगे यह जानकारी यश पांडेय अध्यक्ष जागृति गणेश उत्सव समिति ने दी ।

### दो दिन बढ़ा नापतौल विभाग का शिविर

**भाटापारा**। विधिक माप विज्ञान (नापतौल विभाग) विभाग जिला बलौदा बाजार द्वारा भाटापारा के जनक नंदिनी धर्मशाला, माता देवालय वार्ड भाटापारा में बाँट–माप, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों के सत्यापन के लिए 1 से 5 सितंबर का शिविर का आयोजन किया गया था । व्यापारीयों मांग और सुविधा के लिए शिविर को दो दिन और बढ़ाया गया है अब 6 व 7 सितम्बर तक शिविर का आयोजन होगा।

### महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम मेमरा में महिला और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट करने के मामले में पिथौरा थाना में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सेतमती यादव ने बताया कि वह 4 सितंबर को अपनी पुत्री संजनी यादव, बहू ताराबती यादव और ससुर चंद यादव के साथ घर में थी। रात्रि करीबन 9 बजे उसका भतीजा बिरजू यादव आया और दादा जी का इलाज सही तरीके से नहीं करा रहे हो कहकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा।

## श्रीगणेश की हुई भव्य महाआरती ...

**बलौदाबाजार** । जिला मुख्यालय में गणेश उत्सव के अवसर पर स्थानीय षष्ठी मंदिर गणेश उत्सव समिति द्वारा शुक्रवार की रात गंगा आरती की तर्ज पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में भक्तिमय वातावरण बन गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। भव्य दीपों से सुसज्जित मंच पर ऊँचे स्थान से एक साथ दीप लहराकर गणपति बप्पा की आरती की गई। वातावरण गणेश भगवान के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने विशेष रूप से शिरकत की और आयोजन की सराहना करते हुए गणेश जी से नगरवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। षष्ठी मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान प्रतिवर्ष नवाचार करते हुए भक्तों के लिए विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इस बार गंगा आरती की भांति महाआरती का आयोजन किया गया, जिसे देखने और इसमें शामिल होने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ये रहे उपस्थित पूर्व पार्षद सुभाष राव, पार्षद गौतम सिंह चौहान, गणेश समिति अध्यक्ष सागर साहू, जामवंत वर्मा, सचिव विद्याभूषण साहू, कोषाध्यक्ष वासुदेव ठाकुर, सह सचिव शिव यादव सहित नगर के प्रमुख नागरिक और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। महाआरती में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। दीपों की जगमगाहट और सामूहिक भजनों ने कार्यक्रम को और अधिक भक्तिमय बना दिया। आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था ने गणेशोत्सव को अविस्मरणीय बना दिया।








**पर्व : जयकारे से गूंज उठा भाटापारा, भक्तों ने मनोकामना सिद्धि के लिए की भक्ति**

# सदर के राजा की महाआरती व छप्पन भोग अनुष्ठान में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सदर के राजा की महाआरती एवं 56 भोग प्रसादी का भव्य आयोजन भाटापारा में भारी श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता के आतिथ्य में यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व बन गया है। सायं 7:30 बजे शुरू हुई महाआरती में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और मनोकामना सिद्धि के लिए भगवान गणेश की आराधना की।

- 0न्यायाधीश अंकिता गुप्ता के आतिथ्य में हुआ भव्य कार्यक्रम

आरती में सबसे पहले महादेव की अगरबत्ती जलाकर पूजा की गई, इसके बाद मां पार्वती की आरती कपूर से और अंत में गजानंद महाराज की दीप बाती से आरती की गई। इसके पश्चात 56 भोग का भव्य प्रसाद भगवान गणेश को अर्पित किया गया। समिति सदस्यों ने भजन गायन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आयोजन के बाद प्रसादी का वितरण भक्तों में उत्साह का माहौल बना रहा।

सदर के राजा पंडाल को भाटापारा में मनोकामना सिद्धि का प्रतीक माना जाता है। हर वर्ष आयोजित महाआरती और 56 भोग प्रसादी में नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी श्रद्धालु भारी संख्या में आते हैं। यह आयोजन भक्ति और समर्पण का अनूठा संगम है जो क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को मजबूती देता है। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता विशेष अतिथि रहीं। उनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरारी मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति सदस्य अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि सदर के राजा की महत्ता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, खासकर युवा पीढ़ी में यह धार्मिक आयोजन विशेष स्थान रखता है।





### झांकी के साथ होगी बप्पा की विदाई

**संडी बंगला** । मुड़पार (सण्डी) में 9 सितंबर को धूमधाम से गणेश विसर्जन झांकी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न समितियाँ आकर्षक झांकियों और डीजे धूमधड़ाके के साथ शामिल होंगी। इस समितियाँ एवं व्यवस्था इस प्रकार रहेंगेः सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति, बस स्टैण्ड मुड़पार डीजे जंगेल, श्री मंगलमूर्ति गणेश समिति, जारजा रोड मुड़पार डीजे अजय, माँ शीतला गणेश उत्सव समिति, सण्डी बस्ती डीजे आर के आरंग, युवा शक्ति गणेश समिति, सतनाम पारा मुड़पार गुरु कृपा धूमाल पार्टी, सिद्धि विनायक गणेश समिति, गुड़ी चौक,मुड़पार श्री अम्बे धुमाल पार्टी जय श्री महाकाल ग्रुप, इन्द्रानगर मुड़पार डीजे दीपक की शानदार प्रस्तुति होगी ।



**मुंडा** | इन दीनों ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की धूम चल रही है गांव के चौक चौराहों पर जगह-जगह विराजित विघ्नहर्ता गणेश जी की सुबह शाम आरती की जाती है और गांव के लोग भक्ति भाव में डूबे हुए हैं गणेश उत्सव की 13 वे दिन 5 तारीख शुक्रवार को कई जगह हुमन का कार्यक्रम किया गया वहीं मुंडा की भाटा चौक में कल 6 तारीख शनिवार को हुमन कार्यक्रम किया जाएगा और ग्रहण होने के चलते रविवार को विसर्जित किया जाएगा |



**मुंडा**। पैजनी के इमली चौक में विराजे विघ्नहर्ता गणेश जी




**मुंडा**। शिवा चौंक आदर्श गणेशोत्सव सेवा समिति डोटोपार

## मुड़पार में धूमधाम से मन रहा गणेश उत्सव



**खरोरा** । ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ गणेश स्थापना की गई। नन्हे-नन्हे बाल युवक संगठन तथा विभिन्न युवक संगठनों के सहयोग से महामाया चौक, कटनी चौक, रामायण चौक और भाटा चौक में गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है। शाम को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विशेष आरती की जाती है तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है। यह परंपरा वर्षों से निरंतर चल रही है। ग्राम के प्रगतिशील किसान एवं समाजसेवी गोवर्धन नायक, कृष्ण कुमार ध्रुव, राजू तिवारी, सनत कुमार वर्मा, प्रेमनाथ वर्मा, डॉक्टर प्रदीप मानिकपुरी, भूतपूर्व जनपद सभापति समलु ध्रुव एवं रितेश यादव ने बताया कि यह आयोजन 1893 से निरंतर हो रहा है। इसकी शुरुआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी। तिलक ने गणेश उत्सव को सार्वजनिक रूप देकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीयों में एकता, भाईचारे और राष्ट्रवाद की भावना जगाई। आज भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मुड़पार ग्रामवासी एकजुट होकर भक्ति और आनंद के साथ गणेशोत्सव मना रहे हैं। यह पर्व गांव में सामाजिक एकता, भाईचारा और सामूहिक उत्साह का प्रतीक बन चुका है।आयोजक समिति के सदस्य- ओम कुमार, सोनू, डेनिस, आशु, मानसी लाल यादव, शत्रुघ्न साहू, विनोद कुमार साहू, पुष्पेंद्र साहू, डोमार साहू। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का वातावरण गूंज रहा है।



**सुहेला** । सतबहिनीया माता चौक सुहेला का राजा श्री गणेश

## अंचल में गूंजे 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे

**हिरमी रावन** । अंचल के हिरमी, मोहरा, भालेसुर, मुसवाडीह, कुथरौद समेत आसपास के गांवों में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां श्रद्धालु भारी संख्या में दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। पंडालों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है और भजन-कीर्तन, आरती, ढोल-नगाड़ों की धुन से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। महिलाओं का बढ़-चढ़कर भजन में भाग लेना और बच्चों का उत्साह इस पर्व की शोभा बढ़ा रहा है।

ग्रामीणों एवं युवाओं ने मिलकर पंडालों का सजावट और व्यवस्था की है। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए क्षेत्र की प्रतिभा को मंच मिला है। भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की भी उत्तम व्यवस्था की गई है, जिससे त्योहार का आनंद दोगुना हो गया है। पूरे अंचल में "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारे गूंज रहे हैं और धार्मिक आस्था के साथ-साथ शांति और सौहार्द का संदेश भी पूरे इलाके में फैल रहा है। गणेश चतुर्थी भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और शुभकामनाओं के देवता माना जाता है। इस दिन भक्त गणपति की स्थापना कर पूजा-अर्चना करते हैं और दस दिनों तक भव्य उत्सव मनाते हैं।



**क्षेत्रीय उत्सव की झलकः** हिरमी, मोहरा, भालेसुर, मुसवाडीह, कुथरौद जैसे गांवों में पंडाल सजाकर भव्य पूजा की जाती है। श्रद्धालु सुबह-शाम आरती में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य, संगीत, और भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए जाते हैं। प्रसाद वितरण और सामूहिक भजन से त्योहार का उत्साह चार चांद लग जाते हैं।

## पेज 3 के शेष

### विद्यार्थियों की ...

को यादगार बनाया। शिक्षक दिवस भारत में हर साल 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन शिक्षक समाज के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है। खरोरा के पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए गए। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुष्प गुच्छ, कलम, गमले में पौधे और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। छात्रों की भागीदारी से समारोह में उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

### शिक्षक दिवस पर...

ज्ञान देने तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने का भी नाम है। समारोह में विधायक इन्द्र साव, पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा, ईश्वर सिंह ठाकुर, जी.डी. मानिकपुरी, सुधेराम वर्मा, सुकृत साहू समेत भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षिका एवं पेंशनर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पेंशनर संघ अध्यक्ष आर.पी. पटेल ने किया। समारोह में प्रकाश जाधव, दिलीप सिंह बिसेन, राधेचरण शुक्ला, पी.डी. शर्मा, एस.के. नायक सहित अन्य गणमान्य शिक्षक सम्मिलित रहे।

### करमा विसर्जन के...

प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई -चालान किया जाता है, पंजीकृत मोबाइल से टेक्स्ट मेसेज आधिकारिक वेबसाईट से ही भेजे जाते हैं। किसी ई चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर क्लिक न करें। किसी अजनबी को ऑनलाइन भुगतान न करें, धोखेबाज कॉल,सन्देश या एप्प के सम्बन्ध में निकट पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करें।

## बलौदाबाजार में धूमधाम से मना जश्न-ए-ईद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय की मुस्लिम जमात ने शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर सुबह 11 बजे भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। समाज के बच्चों और युवाओं ने हाथों में झंडे लेकर पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद साहब के जीवन संदेशों का जयघोष किया।

रैली के पश्चात दोपहर 1 बजे सामूहिक रूप से जुमा की नमाज़ अदा की गई। इसके बाद दोपहर 3 बजे मुस्लिम जमात द्वारा पैदल जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे नगर में अमन, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि हज़रत मुहम्मद साहब का जीवन पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका संदेश है कि इंसानियत और सच्चाई के मार्ग पर चलकर ही सच्चा जीवन जिया जा सकता है। जुलूस के दौरान नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और लोगों ने मुस्लिम जमात का स्वागत किया। बच्चों और युवाओं के जोश तथा बुजुर्गों की नसीहतों ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

### ईद-ए-मिलादुन्नबी पर बजी अमन-चैन की बेला

**भाटापारा**। इस्लामिक परंपरा और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब के पावन जन्मदिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मुस्लिम जमातखाना से हुई। तिरंगे और इस्लामिक झंडों की शोभा से सुसज्जित यह जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से गुज़रता हुआ लोगों को आपसी मोहब्बत और अमन का संदेश देता रहा। राहगीरों ने जगह-जगह इसका स्वागत किया। जय स्तंभ चौक पर समाजसेवी शादाब जालियावाला ने जुलूस का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। उन्होंने सभी भाइयों से गले मिलकर इस ख़ास दिन की दिली मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि ईद-ए-मिलादुन्नबी हमें इंसानियत, भाईचारे और सच्चाई की राह पर चलने का पैग़ाम देता है। इस अवसर पर जमील ख़ान, क़ादिर मेमन, रफ़ीक जालियावाला, शरीफ़ ख़ान, यूनुस अहमद, आक़ीब मेमन, आदिल चानिज, फ़ैज़ान अहमद, जफ़र चानिज, मोहम्मद कैफ़, मोहम्मद ज़ीशान, अज्जू शेख, अफ़ज़ल चौहान, मोईन पारेख सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## पूर्व सीएम भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव से मिले युधिष्ठिर नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक वनांचल ने अपने क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव से मिलकर, बिजली की समस्या, खंड वर्षा की समस्या, यूरिया डीएपी खाद की समस्या, आदि क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण समस्याओं के बारे में अवगत कराया, साथ ही साथ किसानों को बीजेपी सरकार में हो रही असुविधा और कांग्रेस में मिली सुविधा को भी अवगत कराया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कराने के लिए पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर का आभार व्यक्त किया, साथ ही साथ उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव से मुलाकात कराने के लिए विधायक कविता प्राण लहरे एवं बैगा साहब भी आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक वनांचल के साथ, जान मोहम्मद खान, हेमलाल पटेल, मन्नू चौहान, सालिक पटेल, मुरली मिश्रा, सुखलाल निषाद आदि लोग मौजूद रहे हैं ।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
द बंगाल फाइल्स
शो समय - 12:00,6:00 PM
परम सुंदरी
शो समय - 03:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### बलौदाबाजार जैन समाज ने मनाया नवां आकिंचन्य धर्म

**बलौदाबाजार**। पर्यूषण पर्व के अवसर पर जैन समाज ने नवां धर्म आकिंचन्य धर्म बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया। आकिंचन्य धर्म का मूल भाव "मेरा और तेरा का भाव मिटाना" तथा शरीर, संपत्ति और संबंधों के मोह का त्याग कर सच्चे सुख और मोक्ष की प्राप्ति करना है।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री जी की प्रतिमा पर चार कलश से अभिषेक के साथ हुई, जिसमें ऋषभ पार्वती देवी जैन, आशीर्वाद अजीत कुमार जैन, परख सुभाष जैन और रिदम सुमित जैन को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। शांति धारा का अवसर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन व अक्षय जैन को स्वर्गीय श्रीमती अंजू जैन के जन्मदिन पर मिला। संध्या में महाआरती का सौभाग्य त्रिशला नंदन ग्रुप के बच्चों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी वस्तु या व्यक्ति से अत्यधिक आसक्ति न रखना ही उत्तम आकिंचन्य धर्म है। शांति धारा का पाठ पदमचंद जैन द्वारा भावपूर्ण ढंग से किया गया।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम लोहड़ीपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गोरेलाल मानिकपुरी पिता कार्तिकराम मानिकपुरी ने बताया 4 सितंबर की शाम लगभग समय 7.30 बजे वह गांव के धोबालाल पटेल के दुकान में प्रोजेक्ट गणेश प्रति जागरण हेतु गया था।

दिवस : खरोरा में उत्सवपूर्वक मना शिक्षक दिवस

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



अमन पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस खरोरा नगर की अमन पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस को बहुत ही उत्सव के रूप में मनाया गया । स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर भारत के द्वितीय राष्ट्रपति प्रख्यात शिक्षा वित्त महान विचारक भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनके देश प्रेम योगदान को याद किया । वह उन्हें श्रद्धा सुमन फूल अर्पित किए गए।

इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षकों व छात्रों ने अपने विचार रखें छात्रों ने इस अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया सभी शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया अपनी शिक्षा व देश प्रेम की भावना वह कामयाब होने के गुण शिक्षकों ने अपने छात्रों को दिया । इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉक्टर अब्दुल अमीन खान ने समिति की ओर से सभी शिक्षकों का सम्मान किया । इस सम्मान कार्यक्रम में स्कूल की उपप्राचार्य अंजलि देवांगन, विद्या सिन्हा, आकांक्षा देवांगन, माया राजपूत, शालिनी जायसवाल, प्रगति देवांगन, मोनिका साहू, जिज्ञासा वर्मा, पिंकी पटेल, यशोदा वर्मा, दीपा देवांगन, दुर्गा वर्मा, ज्ञानेश्वरी पाल, मोना निर्मलकर, टीना साहू, कमला प्रमोदिनी, डोमार अग्रवाल, उमेश मानिकपुरी व अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए ।

## छात्रों ने सेवानिवृत शिक्षक का किया सम्मान



**संडी बंगला** । शिक्षक दिवस पर छात्रों ने सेवानिवृत शिक्षक माखन लाल वर्मा को भगवान गणेश की प्रतिमा एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। श्री वर्मा ने बताया वर्ष 1973 से 2013 तक विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत रहे ।वहीं प्राथमिक विद्यालय मुड़पार संडी में 16 वर्ष तक प्रधानपाठक के रूप में सेवाएं दी थी। श्री वर्मा ने शिक्षा के प्रति अनेक कार्य किए। श्री वर्मा ने अनेक लोगों को शिक्षा प्राप्ति जागरूक कर घर-घर में जाकर बच्चों को स्कूल जाने प्रेरित किया। वहीं वर्मा के बड़े सुपुत्र डॉ लोकेश वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ रोशन वर्मा एमडी के रूप स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा दे रहे है ।

मुलाकात के दौरान श्री वर्मा ने कहा कि आज का दिन उनके लिए अविस्मरणीय है। वर्षों बाद अपने छात्रों से मुलाकात कर उन्हें बहुत अच्छा लगा। श्री वर्मा के पढ़ाए हुए छात्र-छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर पहुंचे हेमेश चेरियन ने कहा कि श्री वर्मा हमेशा हमारे मार्गदर्शक रहे । इस अवसर पर कुणाल वर्मा अजय मारकंडे, हेमेश चेरियन, दुष्यंत वर्मा, युवराज चेरियन, आयुष टंडन, प्रशांत साहू सोमू कोटरे, होरीलाल यादव, मनीष सोंनकेवरे सहित छात्र उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस पर जेपी धुरंधर का हुआ सम्मान



बलौदाबाजार । छ ग शिक्षक संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सेवा निवृत्त प्रधानपाठक व लंबे समय से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे श्री जे पी धुरंधर का शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर तथा सदस्य विनय गुप्ता द्वारा उनके बलौदाबाजार स्थित निवास पर जाकर शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान



भाटापारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल के प्राचार्य संजय तिवारी एवं अन्य शिक्षकों का पुष्पहार एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के अध्यक्ष संतोष साहू (भाईदा) सरपंच कनक मनहरे एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

खरोरा । रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में मनाया गया शिक्षक दिवस जैसे की भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह हमारे गुरुओं को समर्पित है, जिन्होंने हमें शिक्षा दी और जीवन में मार्गदर्शन दिया है। शिक्षकों के सम्मान में इस दिन रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र अपने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए दिखे और उनके प्रति अपना आदर प्रकट किया।



# अभ्यारण में मृत चीतल के प्रति लापरवाही से वन विभाग पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 108 के पास एक मृत चीतल कई दिनों तक सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। राहगीरों की सूचना और मीडिया के दबाव के बाद ही वनकर्मियों ने कार्रवाई की। इस मामले ने वन विभाग की नियमित पेट्रोलिंग और निगरानी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

- मृत चीतल कई दिनों से सड़क किनारे पड़ा रहा, वनकर्मियों को नहीं हुई भनक

यह चीतल तेंदुए के शिकार का प्रमाण माना जा रहा है। मृत पशु कई दिनों से सड़क किनारे पड़ा था और धीरे-धीरे सड़ने लगा था, जिससे आसपास की हवा दूषित हो गई थी। यह स्थिति वन विभाग की लापरवाही को दर्शाती है, जो अभ्यारण्य क्षेत्र की सुरक्षा में चूक को उजागर करती है।



**विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नः** वन विभाग नियमित पेट्रोलिंग का दावा करता है, लेकिन ऐसे मामले इसके दावों की पोल खोलते हैं। समय रहते उचित निरीक्षण और निगरानी न होने के कारण अभ्यारण्य क्षेत्र की वन्यजीव सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस घटना से विभाग की कार्यशैली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### वनकर्मियों के बयानबाजी में विरोधाभास

प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि सूचना वनरक्षक से मिली, जबकि वनरक्षक धनेश्वर ध्रुव ने दावा किया कि उन्होंने कैमरा लगाया था। इस बयान में विरोधाभास ने विभागीय लापरवाही को और अधिक स्पष्ट किया। वन विभाग द्वारा कैमरा निगरानी का दावा भी इस मामले में कमजोर नजर आता है।

### उत्साह पूर्वक मनाया गया टीआई का जन्मदिन



**हथबंद** । हथबंद थाना परिसर में थाना प्रभारी का 61 वां जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे आस पास के जनप्रतिनिधि, हथबंद थाना प्रभारी कैलाशचंद दास का जन्म दिन थाना परिसर के सामने उत्साह पूर्वक मनाया गया । नवापारा हथबंद मंडल के जनपद अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल एवं उनके सदस्यगण शामिल रहे। सभी ने थाना प्रभारी को मिठाई खिलाई सभी को मिठाई वितरण किए जिसमे मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि भाजपा मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

# पीएम आवास के लिए हितग्राहियों को मिल रहा राजमिस्त्री प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण की गुणवत्ता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हितग्राहियों को राजमिस्त्री कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत भटमेरा में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत 35 हितग्राहियों को विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया। जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रोजेक्ट उन्नति के तहत हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य की बारीकियाँ, गुणवत्तापूर्ण सामग्री चयन और तकनीकी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने हितग्राहियों को सही मापदंड, ईंटों की जुड़ाई, छत ढलाई, पानी और सीमेंट के अनुपात सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी दी। साथ ही सुरक्षा के उपायों और टिकाऊ निर्माण के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए। राजेश कुमार वर्मा नेंबताया कि इस प्रशिक्षण से ग्रामीण हितग्राहियों में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होगी और वे अपने स्वयं के आवास को बेहतर तरीके से बना सकेंगे।

- ग्राम पंचायत भटमेरा में 35 हितग्राहियों को तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान

प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राही भविष्य में अन्य लोगों के आवास निर्माण कार्यों में भी सहयोग कर अपनी आजीविका के अवसर बढ़ा पाएंगे। इस अवसर पर हितग्राहियों ने कहा कि प्रशिक्षण से उन्हें आवास निर्माण की सही जानकारी प्राप्त हुई है। अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाकर बेहतर गुणवत्ता वाले घर स्वयं बना सकेंगे।

### कोमल साहू का बीएससी मेडिकल में हुआ चयन

गोपालपुर । गाँव के नारायण प्रसाद साहू ग्राम अध्यक्ष साहू संघ एवं पूर्व उप सरपंच- माता सुनीता साहू के सुपुत्र कोमल साहू ने सी. यू. टी परीक्षा भाग लिया था। जिसका पूर्णांक 750 था। जिसमें 601 नंबर अर्जित किया। इसी परिणाम के अनुसार बी.एस. सी. रेडियो लायी एण्ड इमेजिंग टेक्नोलॉजी चार वर्षीय कोर्स- हिन्दू विश्वविद्यालय बी.एच. यू बनारस ( वाराणसी) में चयन हुआ है। ज्ञात हो कि उक्त छात्र डी. ए. व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया से कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण किया है, इसका परिणाम 86.8 प्रतिशत लाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।



चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का लेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के अंतर्गत
अर्जुनी एवं आस-पास के क्षेत्रों में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ
ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों
के लिए संपर्क करें
कमलेश रजक 9329157150
संजय रजक 7049753723

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
7 सितम्बर, रविवार, आशीर्वाद डेंटल हॉस्पिटल बैंक ऑफ़ बड़ौदा मेन रोड, बलौदाबाजार
8 सितम्बर, सोमवार, राना मेडिकल सरकारी अस्पताल के पास भाटापारा
समय - सुबह 10:30 से 4 बजे तक
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर